फा.सं.14-05/2016-यू.पॉलिसी
भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

537/सी, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 3 नवंबर 2016

सेवा में,

श्री ब्रिज बिहारी प्रसाद सिंह,
गांव - अथारी (बंगला चौक),
सीतामढ़ी,
बिहार

विषय: ग्राम अथारी, जिला सीतामढ़ी, बिहार में सरकारी कॉलेज/संस्थान खोलने के अनुरोध के संबंध में।

महोदय,

कृपया अपने दिनांक शून्य के पत्र का अवलोकन करें जोकि ग्राम अथारी, जिला सीतामढ़ी, बिहार में सरकारी कॉलेज/संस्थान खोलने के संबंध में है।

2. मैं यह सूचित करना चाहूँगा कि शिक्षा समवर्ती सूची में होने के कारण नई संस्थाओं का सृजन केन्द्र और राज्य सरकारों, दोनों का उत्तरदायित्व है। 12वीं योजना अवधि के दौरान, केन्द्र सरकार का बल उच्चतर शिक्षा प्रणाली में समेकन और गुणवत्ता सुधार पर है और उनका विस्तार मुख्यत: मौजूदा संस्थाओं की क्षमता को बढ़ाकर किया जाएगा।

3. तथापि, राज्य उच्चतर शिक्षा प्रणाली के कार्यनीतिक निधियन द्वारा पहुंच, साम्यता और उत्कृष्टता के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए केन्द्रीय सहायता की जरूरत को स्वीकार करते हुए, 12वीं योजना के दौरान, ''राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान'' (रूसा) नामक एक केन्द्र प्रायोजित योजना कार्यान्वित की जा रही है। रूसा योजना के तहत, नए मॉडल डिग्री कॉलेजों, व्यावसायिक कॉलेजों की स्थापना, मौजूदा कॉलेजों का मॉडल डिग्री कॉलेजों में उन्नयन आदि को सहायता दी जाती है। तथापि, इस प्रकार के प्रस्ताव रूसा के परियोजना अनुमोदन बोर्ड द्वारा अनुमोदन के लिए राज्य उच्चतर शिक्षा योजना (एसएचईपी) में शामिल किया जाना होता है।

4. 12वीं योजना के लिए नए मॉडल डिग्री कॉलेज के घटकों हेतु मंत्रिमंडल द्वारा भौतिक इकाईयों की स्वीकृति पहले ही दे दी गई और यह पूरा कर लिया गया है, इस घटक के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में किसी नए प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

5. क्योंकि, बिहार पहले ही रूसा योजना में भागीदारी कर रहा है, आप राज्य सरकार से अन्य घटकों के अंतर्गत जैसे राज्य उच्चतर शिक्षा योजना (एसएचईपी) में नए व्यावसायिक कॉलेज को आगामी वित्तीय वर्ष में रूसा के परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) के विचारार्थ इस मामले को राज्य सरकार को अनुरोध कर सकते हैं।

भवदीय,

संजीव नारायण 03.11.16

(संजीव कुमार नारायण)
अवर सचिव (यू-पॉलिसी)